PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो।
-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | शुक्रवार, 21 अगस्त, 2026, साल-2, अंक-27, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

त्योहार से पहले महंगाई की मार

चीनी 18 दिन में 18 रु. हुई महंगी

भोपाल, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

त्योहारों का सीजन शुरू होते ही महंगाई ने एक बार फिर आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ना शुरू कर दिया है। शक्कर, आटा, मैदा, सूजी, चावल, दाल, साबूदाना, मसाले और सूखे मेवों के दाम बढ़े हैं। इनमें सबसे ज्यादा तेजी शकर के भाव में आई है। पुराने भोपाल के बाजार में गुरुवार को शकर का थोक भाव 63 रुपये किलो खुला, जबकि खुदरा बाजार में यह करीब 65 रुपये किलो में बिक रही है।

किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष विवेक साहू के मुताबिक करीब 18 दिन में शकर 18 रुपये किलो तक महंगी हुई है। उनका कहना है कि अगर इसी तरह तेजी जारी रही और सरकार ने समय रहते कदम नहीं उठाया तो शकर का भाव 70 रुपये किलो तक पहुंच सकता है। रक्षाबंधन का त्योहार आने वाला है। इसके बाद जन्माष्टमी, करवाचौथ और दीपावली जैसे (शेष पेज 2 पर)

रेट बढ़ने की ये हैं प्रमुख वजहें

साहू के मुताबिक शक्कर के भाव बढ़ने की प्रमुख वजहों में कम बारिश, गन्ने की खेती पर असर, त्योहारों के लिए पर्याप्त स्टॉक बाजार में नहीं आना और इथेनॉल का इस्तेमाल शामिल है। उनका कहना है कि इस बार गन्ने की खेती सामान्य समय जैसी नहीं हुई है। कम बारिश का असर गन्ने के उत्पादन पर पड़ा है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के सीजन में बाजार में जितना स्टॉक आना होना चाहिए था, उतनी मात्रा में स्टॉक नहीं आया। आने वाले दिनों में अधिक मात्रा में स्टॉक जाने होने की उम्मीद है। इसके साथ ही इथेनॉल नीति को लेकर भी सरकार को पुनर्विचार करने की गुहार लगाई गई है। व्यापारी का कहना है कि गन्ने का इस्तेमाल इथेनॉल के लिए होने से शक्कर की उपलब्धता पर भी असर पड़ सकता है।

आटा, मैदा, सूजी और चावल भी महंगे

महंगाई का असर सिर्फ शकर तक सीमित नहीं है। आटा करीब 28 से बढ़कर 30 से 34 रुपये किलो, मैदा 30 से बढ़कर 34 रुपये किलो और सूजी 30 से बढ़कर 36 रुपये किलो तक पहुंच गई है। चावल के दाम में भी 5 से 7 रुपये किलो तक की तेजी बताई जा रही है। दालों के भाव भी बढ़े हैं। साबूदाना, मसाले और सूखे मेवों में भी तेजी है। व्यापारी के मुताबिक बाजार में तेजी कई चीजों में है, लेकिन सबसे ज्यादा उछाल फिलहाल शक्कर में है।

दिल्ली छात्र प्रदर्शन विवाद में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा कदम

5 सदस्यीय हाई पावर कमेटी गठित

- छात्र प्रदर्शन पर पुलिस कार्रवाई की होगी जांच
- नीट प्रदर्शनः न्यायालय ने पुलिस ज्यादतियों के आरोपों की जांच के लिए समिति का गठन किया

नई दिल्ली, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश आर. सुभाष रेड्डी की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को पांच सदस्यीय एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया, जो हाल में राष्ट्रीय राजधानी में छात्र प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की कथित ज्यादतियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ हुई हिंसा के आरोपों की जांच करेगी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति बी. मोहना की पीठ ने कहा कि इस समिति में पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रवि शंकर झा, दिल्ली हाई कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति शालिंदर कौर, सीबीआई के पूर्व निदेशक ऋषि कुमार शुक्ला और मेघालय के पूर्व डीजीपी एल. आर. बिश्नोई भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा, 'इस एचपीईसी

(उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति) का गठन कई तरह के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है जिनमें समिति के हर सदस्य की अपनी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ-साथ समिति की विविधता और अन्य कारक भी शामिल हैं। हमें पूरा भरोसा है कि एचपीईसी की सिफारिशें इस अदालत के लिए बहुत मददगार साबित होंगी और समिति उन सभी मुद्दों का व्यापक आकलन करेगी, जिन पर गंभीरता से विचार किये जाने की जरूरत है।' शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि एचपीईसी द्वारा की जाने वाली जांच केवल एक बार की जाने वाली कवायद नहीं होगी।

उसने समिति से कहा कि वह मामले से जुड़े मुद्दों का लगातार और समय-समय पर आकलन करती रहे तथा अपनी अंतरिम रिपोर्ट भी समय-समय पर प्रस्तुत करे। सुप्रीम कोर्ट ने सिफारिश की कि एचपीईसी को कुछ मुद्दों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान देना चाहिए और इनमें सबसे प्रमुख मुद्दा महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा, उत्पीड़न और छेड़छाड़ की घटनाओं से संबंधित है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आह्वान पर 20 जुलाई को दिल्ली में 'चलो संसद' मार्च निकाला गया था (शेष पेज 2 पर)

अमृतसर में 5 किलो से अधिक हेरोइन के साथ 5 तस्कर गिरफ्तार

अमृतसर, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अमृतसर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल 5 किलो 569 ग्राम हेरोइन जब्त कर 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर लिए गए हैं। पहली कार्रवाई लोपोके पुलिस स्टेशन द्वारा गांव वणोके में की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि संदीप सिंह और सोराफे सिंह पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर पंजाब के विभिन्न जिलों में सप्लाई (शेष पेज 2 पर)

'पंजाब बंद' का आह्वान आज

बंदी सिखों की रिहाई के लिए होगा विरोध मार्च

- सुबह 7 से दोपहर दो बजे तक कौमी मोर्चा की तैयारी, व्यापार के साथ स्कूल तक बंद रखने की अपील, हाईवे पर रोक

चंडीगढ़, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जेलों में सजा पूरी करने के बावजूद लंबे समय से बंद सिखों की रिहाई, पैरोल के अधिकार और 15 अगस्त को शांतिपूर्ण विरोध मार्च के दौरान संगत पर हुई पुलिस कार्रवाई के विरोध में राष्ट्रीय न्याय मोर्चा (कौमी इंसाफ मोर्चा) ने 21 अगस्त को पंजाब बंद का एलान किया।

पंजाब प्रेस क्लब जालंधर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चे के संयोजक भाई पाल सिंह फ्रांस समेत पंथक, किसान और दलित संगठनों के नेताओं ने बंद के फैसले की जानकारी दी और सरकार के रवैये की कड़ी आलोचना की।

भाई पाल सिंह फ्रांस ने कहा कि चंडीगढ़-मोहाली सीमा पर 7 जनवरी 2023 से बंदी सिखों की रिहाई के लिए शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से मोर्चा चल रहा है। उनका आरोप है कि 32-32 साल की सजा पूरी कर चुके बंदी सिखों को रिहा नहीं किया जा रहा और उन्हें पैरोल का कानूनी अधिकार भी नहीं मिल रहा। नेताओं ने भाई जगतार सिंह हवारा की 83 वर्षीय बुजुर्ग मां की गंभीर हालत का हवाला देते हुए कहा कि वह अपने बेटे से मिलने और उसे गले लगाने के लिए आखिरी समय में इंतजार कर रही हैं। मोर्चे ने इसे मानवीय और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया।

मोर्चे के नेताओं ने आरोप लगाया कि 15 अगस्त को राजभवन की ओर से शांतिपूर्ण विरोध मार्च कर रही संगत पर पुलिस ने अमानवीय कार्रवाई की। उनका दावा है कि बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और संगत पर ड्रोन के जरिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए तथा रासायनिक पानी की बौछारें की गईं।

नेताओं के मुताबिक, इस दौरान कई लोगों को आंखों, त्वचा और सांस से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने यह भी दावा किया कि कवरेज कर रहे दो पत्रकार घायल हुए। मोर्चे ने व्यापार मंडलों, ट्रांसपोर्ट यूनियनों, किसान-मजदूर संगठनों, दलित संगठनों, कर्मचारी फेडरेशनों और इंसाफ पसंद नागरिकों (शेष पेज 2 पर)

'पंजाब बंद' के आह्वान के बावजूद सरकारी स्कूल खुले रहेंगे

इस बात को लेकर उलझन है कि इस दौरान स्कूल खुले रहेंगे या बंद रहेंगे। कुछ प्राइवेट स्कूलों ने अपने स्तर पर स्कूल बंद रखने का फ़ैसला किया है। मोहाली और खरड़ के उपायुक्त स्कूलों ने कल छुट्टी की घोषणा की है। इस बीच, प्राइवेट स्कूलों की बैठक के बाद कल स्कूल बंद रखने के लिए एक एडवाइजरी जारी की गई है। वहीं, डिप्टी कमिश्नर ने साफ़ किया है कि ऐसा कोई आदेश अभी तक जारी नहीं किया गया है। खरड़ और मोहाली में प्राइवेट स्कूलों द्वारा भेजे गए संदेश उनके अपने स्तर पर हैं। अब शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने छुट्टी के बारे में स्थिति साफ़ कर दी है। बैंस ने साफ़ किया कि कल पंजाब के स्कूलों में कोई छुट्टी नहीं है। प्राइवेट स्कूल अपने स्तर पर छुट्टी की घोषणा कर रहे हैं।

कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का निधन

नई दिल्ली, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

1984 के सिख-विरोधी दंगों के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार का गुरुवार को निधन हो गया। सफदरजंग अस्पताल के सूत्रों ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, अस्पताल ने अभी तक उनकी मौत की वजह के बारे में कोई साफ़ जानकारी नहीं दी है। गौरतलब है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने 17 दिसंबर 2018 को सज्जन कुमार को 1984 के सिख-विरोधी दंगों के दौरान पांच सिखों की हत्या और एक गुरुद्वारे को जलाने के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। इससे पहले वह तिहाड़ जेल में बंद थे। इसके अलावा, फरवरी 2025 में दिल्ली की एक और अदालत ने दंगों के (शेष पेज 2 पर)

पंजाब यूनिवर्सिटी में बजा चुनाव का बिगुल

31 अगस्त को होंगे चुनाव

चंडीगढ़, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल के साल 2026-27 के चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय की ओर से जारी चुनाव बुलेटिन-III के अनुसार कैंपस स्टूडेंट्स काउंसिल के ऑफिस बियरर्स, डिपार्टमेंटल रिप्रेजेंटेटिव्स (डीआर) और एग्जीक्यूटिव कमेटी के चुनाव कराए जाएंगे।

कार्यक्रम के अनुसार, 24 अगस्त को सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक नामांकन दाखिल किए जाएंगे। इसी दिन सुबह 10:35 बजे नामांकन पत्रों की जांच होगी और दोपहर 12 बजे संबंधित विभाग के नोटिस बोर्ड पर उम्मीदवारों की सूची प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवारों के खिलाफ आपत्तियां दोपहर 12:30 से 1:30 बजे तक दाखिल की जा सकेंगी। आपत्तियों और उम्मीदवारों की सूची शाम 2:30 बजे तक डीएसडब्ल्यू कार्यालय को भेजी जाएगी।

25 अगस्त को सुबह 10 बजे स्वीकृत उम्मीदवारों की सूची प्रदर्शित होगी। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक नामांकन

वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे अंतिम सूची डीएसडब्ल्यू कार्यालय को भेजी जाएगी और दोपहर 2:30 बजे अंतिम उम्मीदवार सूची प्रदर्शित की जाएगी।

31 अगस्त को सुबह 9:30 बजे से चुनाव प्रक्रिया शुरू होगी। विभागों में मतदान पूरा होने के बाद संबंधित डिपार्टमेंट के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतपेटियां ग्राउंड फ्लोर स्थित जिम्नेजियम हॉल में जमा कराई जाएंगी। दोपहर 12 बजे से डीआर के परिणाम संबंधित विभागों में प्रदर्शित किए जाएंगे। वहीं, ऑफिस बियरर्स के मतों की गिनती और परिणाम की घोषणा भी 31 अगस्त को दोपहर 12 बजे से जिम्नेजियम हॉल में की जाएगी। डीआर के परिणाम 8 सितंबर को दोपहर 12 बजे तक डीन स्टूडेंट वेलफेयर (शेष पेज 2 पर)

एसबीआई कर्मचारी ने पत्नी और बहन को गोली मारकर की खुदकुशी

लखनऊ, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

राजधानी के गोमतीनगर क्षेत्र के समता मिठाईवाला चौराहे पर गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे गोलियां चलीं। आईसीआईसीआई बैंक मिठाईवाला चौराहा के बाहर पत्नी दिव्या मिश्रा की गोली मारकर हत्या करने के बाद मानस वाजपेई ने घटनास्थल से एक किलोमीटर दूर पहुंचकर बहन तुलिका को गोली मार दी। बहन की हत्या करने के बाद उसने आत्महत्या कर ली। मानस वाजपेई और पत्नी दिव्या मिश्रा के बीच विवाद चल रहा था और बहन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

पत्नी की हत्या के बाद मानस वाजपेई ने मोबाइल के व्हाट्सएप पर स्टेटस लगाया था, जिसमें लिखा था-

'सुसाइड करने जा रहा हूं।' दिव्या मिश्रा यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थीं। उन्होंने एक साल पहले पति मानस से तलाक के लिए अदालत में अपील दायर की थी। इसके बाद वह आलमबाग में रहती थीं। पति मानस वाजपेई हुसैनिया चौराहे के पास अपनी बहन सीबा के किराये के मकान में रहता था। वह भारतीय स्टेट बैंक में काम करता था। मानस के माता-पिता की मौत हो चुकी है।

आईसीआईसीआई बैंक मिठाईवाला चौराहा शाखा में रिलेशनशिप मैनेजर दिव्या मिश्रा को उनके पति मानस वाजपेई ने गोली मारी और फरार हो गया। बताया जा रहा है कि महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। उन्हें करीब 1:15 बजे (शेष पेज 2 पर)

दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर चला बुलडोजर

- बैरिकेड-फेंसिंग हटाई गईं; दो दिन पहले इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर कार्रवाई हुई थी

नई दिल्ली, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर बने अवैध ढांचों को बुधवार देर रात बुलडोजर से हटा दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, ये ढांचे हाई कमीशन की तय सीमा से बाहर बने थे। पाकिस्तान हाई कमीशन का ऑफिस दिल्ली के चाणक्यपुरी के शांतिपथ पर है। यहां बैरिकेड, फेंसिंग और वीआ सेक्शन के पास कतार प्रबंधन के लिए बनाए गए ढांचे भी हटाए गए। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब दो दिन पहले इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर लगाए गए सुरक्षा बैरिकेड और पार्किंग पोल हटाए गए थे।

संबंधित एजेंसियों ने JCB की मदद से हाई कमीशन के बाहर कार्रवाई की। मौके से ली गई तस्वीरों में टूटी रेलिंग, गेट, लोहे के फ्रेम, छत की चादरें, ईंट और कंक्रीट के टुकड़े बिखरे दिखाई दिए। बाहरी

हिस्से की सफेद मेटल फेंसिंग और कुछ कॉरुगेटेड रूफिंग भी हटा दी गई। बुलडोजर एक्शन हाई कमीशन की मेन बिल्डिंग तक नहीं हुआ। मेन गेट, सफेद दीवारें और पाकिस्तानी निशान वाला बड़ा प्रवेश द्वार सुरक्षित रहा। परिसर के कुछ हिस्सों में कंटिदार तार भी लगे दिखाई दिए। तोड़फोड़ के बाद वीआ सेक्शन के सर्विस काउंटर दिखाई दे रहे थे।

हिसार जिला कोर्ट के बाहर गैंगस्टर विनोद पन्नू की गोली मारकर हत्या

चंडीगढ़, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

गुरुवार दोपहर हिसार जिला कोर्ट कॉम्प्लेक्स के मुख्य गेट पर दो हमलावरों ने गैंगस्टर विनोद पन्नू उर्फ काना की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि जब हमला हुआ, तो पन्नू कोर्ट में पेशी के बाद अपने साथियों के साथ कॉम्प्लेक्स से बाहर निकल रहा था। पुलिस के मुताबिक, घात लगाकर बैठे दो हमलावरों ने कोर्ट गेट पर पन्नू पर हमला किया और एक के बाद एक 10 गोलियां चलाईं। खबरों के अनुसार, हमलावरों में से एक को कुछ लोगों ने पकड़ लिया था, लेकिन पुलिस ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि क्या यह हत्या गैंग की आपसी रंजिश का नतीजा है। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया और इलाके की घेराबंदी कर दी गई।

राम मंदिर निर्माण समिति अध्यक्ष ने मनमानी की : चंपत राय

- पूर्व आईएएस नृपेंद्र मिश्रा ने सलाह कभी नहीं मानी, अपनी पसंद के लोग चुने

अयोध्या, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट से इस्तीफे के बाद चंपत राय ने गुरुवार को 9 पन्नों का दूसरा लेटर जारी किया। इसमें उन्होंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस अधिकारी नृपेंद्र मिश्र की भूमिका को लेकर कई दावे किए हैं।

चंपत राय ने कहा, 'राम मंदिर निर्माण के लिए बने ट्रस्ट में 15 ट्रस्टी थे और नृपेंद्र मिश्र को निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। मिश्र के सुझाव पर लार्सन एंड टूब्रो को मंदिर निर्माण की जिम्मेदारी दी गई। भवनों के डिजाइन और निर्माण से जुड़े काम के लिए नोएडा की डिजाइन एसोसिएट फर्म का चयन भी किया। चंपत राय ने कहा कि नृपेंद्र मिश्र ने निर्माण समिति में अपनी पसंद के लोगों को शामिल किया। इनमें से कुछ लोग छह साल के दौरान केवल एक-दो बार ही अयोध्या आए। पूर्व एनबीसीसी चेयरमैन अनूप मित्तल लगातार नृपेंद्र मिश्र के साथ निर्माण समिति की बैठकों में शामिल होते थे। चंपत राय ने चढ़ाया (शेष पेज 2 पर)

शेयर बाजार में तेजी

सेंसेक्स 504 अंक उछला, निफ्टी 24198 के पार, 4 दिन की गिरावट थमी

मुंबई, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

वैश्विक बाजारों में सुधार के बीच सेंसेक्स और निफ्टी में बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में तेजी लौटी।

अमेरिकी सरकारी बॉन्ड प्रतिफल की दरों में नरमी से वैश्विक बाजार धारणा में सुधार हुआ है। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 504.32 अंक उछलकर 77,416.16 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले सेंसेक्स में लगातार चार कारोबारी सत्रों में गिरावट दर्ज की गई थी। इसी तरह एनएसई निफ्टी भी लगातार सात सत्रों की गिरावट के बाद संभला। यह 118.85 अंक बढ़कर

कारोबार में बढ़त में थे। इटर्नल, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी 5.74 प्रतिशत उछला। जापान का निक्की 225, चीन का एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग भी बढ़त में कारोबार कर रहे हैं। अमेरिकी बाजार बुधवार को बंद

91.87 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को शुद्ध रूप से 407.99 करोड़ रुपये के शेयर की खरीदारी की। सेंसेक्स बुधवार को 325.78 अंक और निफ्टी 76.60 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ था। रुपया शुरुआती कारोबार में 17 पैसे मजबूत होकर 95.56 प्रति डॉलर पर रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में 17 पैसे मजबूत होकर 95.56 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर में कमजोरी से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी कोष द्वारा लंबी अवधि के सरकारी बॉन्ड की पुनर्खरीद दोगुनी

तीन भाषा नीति

बच्चों पर कोई दबाव न पड़े : सुप्रीम कोर्ट

- सीबीएसई की तीन भाषाएं अनिवार्य करने की नीति से उत्पन्न समस्याओं का समाधान ढूंढने पर जोर

नई दिल्ली, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तीन भाषा नीति को लेकर कहा कि इसका बच्चों पर किसी भी तरह का दबाव नहीं पड़ना चाहिए। अदालत ने सीबीएसई द्वारा 9वीं कक्षा के छात्रों के लिए तीन भाषाओं की पढ़ाई अनिवार्य करने की नीति के कारण आ रही समस्याओं का समाधान ढूंढने की आवश्यकता पर बल दिया।

चीफ जस्टिस सूर्य कांत, जस्टिस जोयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने कहा कि तीन भाषा नीति को लागू करने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन याचिकाकर्ताओं की मुख्य चिंता इस बात को लेकर है कि इसे किस तरीके से लागू किया जा रहा है।

जा सकता है। पीठ ने कहा कि इस नीति को किसी न किसी समय लागू करना ही है और इसमें कोई गलत बात नहीं है, लेकिन इसे इस तरीके से लागू किया जाना चाहिए कि सामने आ रही रुकावटों और कठिनाइयों का समाधान निकाला जा सके। सुप्रीम ढांचा कैसे तैयार किया जाएगा, इस पर भी विचार करना जरूरी है। पीठ ने कहा कि यदि 6वीं कक्षा से इस नीति को शुरू करने का फैसला किया गया है, तो इस साल 6वीं कक्षा में दाखिला लेने वाले छात्रों को कुछ राहत देने पर विचार किया जा सकता है और इसे अगले साल से लागू किया जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि यह तय करना जरूरी है कि नीति किस कक्षा से शुरू की जाए। यह 6वीं, 4थी या 3री कक्षा से हो सकती है। इसका फैसला पाठ्यक्रम और दो से तीन भाषाओं का विकल्प किस कक्षा में पहली बार दिया जाता है, इसके आधार पर किया जा सकता है। पीठ ने यह मुद्दा भी उठाया कि अंग्रेजी को मूल भाषा माना जाए या विदेशी भाषा। अदालत ने केंद्र से कहा कि उसे यह भी देखना

डी.ए.वी. स्कूल पट्टी के विद्यार्थियों की आंखों की जांच के लिए लगाया गया विशेष शिविर

आंखों संबंधी समस्याओं को सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज न किया जाए: ऑप्थेलमिक ऑफिसर

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल तथा आंखों से संबंधित समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ.मनदीप कमल के दिशा-निर्देशों तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनप्रीत सिंह बैंस के योग्य नेतृत्व में डी.ए.वी. स्कूल पट्टी के बच्चों की आंखों की स्क्रीनिंग सी.एच.सी. हार्टा बडला में करवाई गई। इस शिविर के दौरान ऑप्थेलमिक ऑफिसर श्री तरसेम लाल द्वारा बच्चों की आंखों की विस्तृत जांच की गई तथा उन्हें आंखों के स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई।

स्क्रीनिंग के दौरान बच्चों की दृष्टि क्षमता की जांच की गई और यह पता लगाया गया कि किसी बच्चे को दूर या पास की वस्तुओं को देखने में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है। इसके अलावा आंखों में लालिमा, जलन, खुजली, पानी आना, दर्द, आंखों को बार-बार मलना, धुंधला दिखाई देना, सिरदर्द तथा पढ़ने या कक्षा में ब्लैकबोर्ड देखने में कठिनाई जैसे लक्षणों के बारे में भी जानकारी ली गई।

ऑप्थेलमिक ऑफिसर श्री तरसेम लाल ने बताया कि बच्चों में दृष्टि की कमी कई बार धीरे-धीरे विकसित होती है और बच्चे इसे सामान्य समस्या समझकर नजरअंदाज कर सकते हैं। इसलिए स्कूली बच्चों की नियमित आंखों की स्क्रीनिंग बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि समय पर पहचान होने से दृष्टि संबंधी समस्याओं का उचित प्रबंधन किया जा सकता है और बच्चों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकता है।उन्होंने बच्चों को आंखों की उचित देखभाल के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि पढ़ाई करते समय किताब को आंखों से उचित दूरी पर रखना चाहिए और कम रोशनी में पढ़ने से बचना चाहिए। मोबाइल फोन, टैबलेट, कंप्यूटर तथा अन्य डिजिटल स्क्रीन का लंबे समय तक लगातार उपयोग नहीं करना चाहिए और बीच-बीच में आंखों को आराम देना चाहिए। बच्चों को अपनी आंखों को गंदे हाथों से छूने तथा बार-बार मलने से बचने, व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखने और किसी भी प्रकार की आंखों की समस्या होने पर अपनी मर्जी से दवा या आई ड्रॉप का इस्तेमाल न करने की सलाह दी गई। यदि आंखों में लगातार दर्द, लालिमा, पानी आना, धुंधला दिखाई देना या पढ़ते समय सिरदर्द हो, तो माता-पिता को विशेषज्ञ डॉक्टर से सलाह लेने के लिए कहा गया। स्क्रीनिंग के दौरान जिन बच्चों में दृष्टि संबंधी किसी समस्या के संकेत पाए गए, उन्हें आवश्यकता के अनुसार आगे की जांच और उपचार के लिए उचित सलाह दी गई। माता-पिता को भी बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई सलाह के अनुसार आगे की जांच करवाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर आंखों की देखभाल के संबंध में बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। साथ ही हरी पत्तेदार सब्जियों, मौसमी फलों तथा अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को आहार में शामिल करने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को धूल-मिट्टी तथा अन्य प्रदूषण से आंखों की सुरक्षा करने के साथ-साथ स्वच्छता की अच्छी आदतें अपनाने के लिए भी कहा गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से माता-पिता एवं शिक्षकों से अपील की जाती है कि वे बच्चों की आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और यदि किसी बच्चे में दृष्टि संबंधी कोई लक्षण दिखाई दें तो उसकी आंखों की जांच अवश्य करवाएं। इस अवसर पर स्कूल की मेडिकल इंचार्ज अध्यापिकाएं श्रीमती पूजा एवं श्रीमती रीना उपस्थित थीं।

लिवासा अस्पताल ने बठिंडा के ब्रेन स्ट्रोक मरीज को दिया नया जीवन

बठिंडा, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

एक्यूट इस्केमिक स्ट्रोक से पीड़ित , बठिंडा के 56 वर्षीय पुरुष मरीज को लिवासा अस्पताल, मोहाली में एडवांस्ड मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी के जरिए सफल इलाज के बाद नया जीवन मिला है।

गुरुवार को बठिंडा में एक पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए डायरेक्टर-न्यूरो एवं स्पाइन सर्जन और हेड न्यूरो-इंटरवेंशन- लिवासा अस्पताल मोहाली, डॉ. विनीत सागर ने बताया कि मरीज के दिमाग में रक्त की आपूर्ति करने वाली मुख्य नस में एक बड़ा ब्लॉक था। स्ट्रोक की गंभीरता और मरीज की स्थिति को देखते हुए, मेडिकल टीम ने मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टोमी प्रक्रिया शुरू की। यह एक मिनिमली इनवेसिव इंडोवैस्कुलर तकनीक है, जिसमें रक्त वाहिकाओं के माध्यम से एक विशेष उपकरण को दिमाग तक पहुंचाया जाता है और ब्लड क्लॉट को बाहर निकाला जाता है।

डॉ. सागर ने कहा कि ब्लड क्लॉट को सफलतापूर्वक निकालने से दिमाग के प्रभावित हिस्से में रक्त प्रवाह वापस शुरू हो गया, जिसके कुछ ही घंटों के भीतर मरीज की बोली और शरीर की हलचल में काफी सुधार देखने को मिला।

डॉ. सागर ने आगे बताया कि मैकेनिकल थ्रोम्बेक्टॉमी ने बड़ी रक्त वाहिकाओं में रुकावट वाले चुनिंदा स्ट्रोक मरीजों के इलाज को पूरी तरह से बदल दिया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रोक एक मेडिकल इमरजेंसी है जहाँ हर मिनट कीमती होता है। समय पर पहचान, तेजी से सीटी/एमआरआई स्कैन और तुरंत किसी उपयुक्त स्ट्रोक-रेडी अस्पताल में मरीज को भेजना बेहद बेहतर परिणाम दे सकता है।

डॉ. सागर ने संदिग्ध स्ट्रोक मरीजों की पहचान और प्रतिक्रिया के लिए नमस्ते प्रोटोकॉल को एक आसान तरीका बताते हुए समझाया कि एन का मतलब नोट द सिम्प्टम (लक्षणों), ऐ का एक्ट इमीडीएटली , एम का मेक द इमरजेंसी कॉल, ए का अवॉइड डिले, एस का शिफ्ट टू ऐ स्ट्रोक-रेडी हॉस्पिटल, टी का टाइम इज ब्रेन व ई का मतलब इमरजेंसी ट्रीटमेंट है।

लिवासा हॉस्पिटल्स के सीईओ अनुराग यादव ने कहा, 'यह मामला यह दर्शाता है कि सही समय पर उन्नत स्ट्रोक देखभाल मिलने से कितना बड़ा बदलाव आ सकता है। हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि पंजाब भर के मरीजों को उस समय विशेषज्ञ इलाज मिल सके जब हर मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है।

रोबोटिक-असिस्टेड यूरोलॉजी सर्जरी पारंपरिक ओपन सर्जरी से बेहतर: एक्सपर्ट

यमुनानगर, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

यूरोलॉजी में रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, मैक्स अस्पताल के यूरोलॉजिस्टों ने इसके लाभों को रेखांकित किया। इनमें बेहतर सर्जिकल सटीकता, न्यूनतम निशान और विभिन्न यूरोलॉजिकल स्थितियों का इलाज कराने वाले मरीजों के लिए काफी बेहतर आराम शामिल है।

वरिष्ठ डायरेक्टर और विभागाध्यक्ष - यूरोलॉजी, डॉ. राय ने कहा, 'प्रोस्टेट कैंसर, किडनी कैंसर, ब्लैडर कैंसर, किडनी की रुकावट और अन्य जटिल यूरोलॉजिकल विकारों जैसी स्थितियों के लिए रोबोटिक-सहायता प्राप्त सर्जरी को तेजी से अपनाया जा रहा है। पारंपरिक ओपन सर्जरी की तुलना में, यह छोटे चीरे, न्यूनतम रक्तस्राव, सर्जरी के बाद कम दर्द, अस्पताल में कम समय रुकना और सामान्य गतिविधियों में काफी तेजी से वापसी जैसे लाभ प्रदान करती है - जिससे यह मरीजों और सर्जनों दोनों के लिए पहली पसंद बन रही है।

एसोसिएट डायरेक्टर - यूरोलॉजी, डॉ. एम.एस. रंधावा ने कहा कि रोबोटिक तकनीक सर्जिकल सटीकता और नियंत्रण को बढ़ाती है, जिससे हमें न्यूनतम चीर-फाड़ के साथ जटिल प्रक्रियाओं को करने और मरीजों को तेजी से स्वस्थ होने में मदद मिलती है। प्रिंसिपल कंसलटेंट - यूरोलॉजी, डॉ. अभय कालरा ने कहा कि पेशाब से जुड़े लगातार बने रहने वाले लक्षणों को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। समय पर सलाह लेने से सटीक जांच और उन्नत उपचार विकल्पों तक पहुंच मिलती है, जिसमें जहां उपयुक्त हो, रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी भी शामिल है।

पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में बाल न्यूरोमस्कुलर विकारों पर अपडेट का आयोजन

चंडीगढ़, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च (पीजीआईएमईआर), चंडीगढ़ के बाल रोग विभाग की पीडियाट्रिक न्यूरोलॉजी यूनिट, 21-22 अगस्त, 2026 को एडवांस्ड पीडियाट्रिक्स सेंटर में 'बाल न्यूरोमस्कुलर विकार' पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने जा रही है। यह कार्यक्रम वर्ल्ड मसल सोसाइटी और एसोसिएशन ऑफ चाइल्ड न्यूरोलॉजी इंडिया के प्रतिष्ठित तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

यह सम्मेलन पूरे भारत से विविध और अत्यधिक कुशल विशेषज्ञों के समूह के साथ-साथ संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध संकाय को एक साथ लाएगा। "दो दिनों के दौरान, विशेषज्ञ एसएमए, डीएमडी, मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित बाल न्यूरोमस्कुलर विकारों के पूरे स्पेक्ट्रम पर विचार-विमर्श करेंगे। चर्चा में प्रारंभिक निदान, आनुवंशिक परीक्षण, उभरते उपचार और दीर्घकालिक बहु-विषयक देखभाल को शामिल किया जाएगा।" बैठक का उद्देश्य नैदानिक सहयोग को मजबूत करना और इस क्षेत्र में तेजी से हो रहे वैज्ञानिक विकास को उजागर करना है।

छात्रों और प्रशिक्षुओं के लिए एक समर्पित हैंड्स-ऑन कार्यशाला मुख्य सत्रों से पहले आयोजित की जाएगी, जिसमें नैदानिक परीक्षण तकनीकों, इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी और केस-आधारित लर्निंग का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा। शैक्षणिक कार्यक्रम में न्यूरोमस्कुलर मेडिसिन में अत्याधुनिक विकास पर व्याख्यान शामिल हैं, जिसमें नई उपचार पद्धतियों, देखभाल के उभरते मानकों और दुर्लभ न्यूरोमस्कुलर स्थितियों के प्रबंधन में वैश्विक प्रगति पर विशेष जोर दिया जाएगा।

उनके महत्वपूर्ण योगदान की मान्यता में, सम्मेलन में न्यूरोमस्कुलर विकारों से पीड़ित बच्चों का समर्थन करने वाले संगठनों को भी सम्मानित किया जाएगा। ये समूह पुनर्वास, सामुदायिक जागरूकता और पारिवारिक सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, और उनके प्रयास चिकित्सा देखभाल और सामाजिक सशक्तिकरण के बीच एक आवश्यक सेतु का काम करते हैं। "एक नीति-केंद्रित सत्र में यह जांच की जाएगी कि भारत सरकार की दुर्लभ रोग नीति उपचार तक पहुंच, वित्तपोषण मार्गों और दुर्लभ न्यूरोमस्कुलर स्थितियों से प्रभावित परिवारों के लिए दीर्घकालिक समर्थन को कैसे आकार दे रही है। विशेषज्ञ वर्तमान कमियों, कार्यान्वयन चुनौतियों और राष्ट्रीय सहायता प्रणालियों को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में देश भर से 150 से अधिक डॉक्टरों के आने की उम्मीद है।

वैज्ञानिक कठोरता, नैदानिक प्रासंगिकता और नीतिगत संवाद के मिश्रण के साथ, यह कार्यक्रम देश में बाल न्यूरोमस्कुलर विकारों पर आयोजित सबसे व्यापक शैक्षणिक समारोहों में से एक होने का वादा करता है।

बीबीएमबी रेड क्रॉस संस्था ने तलवाड़ा अस्पताल को भेंट किए दो एसी

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की रेड क्रॉस संस्था द्वारा मुख्य अभियंता राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन में बीबीएमबी अस्पताल तलवाड़ा को दो एसी भेंट किए गए हैं, ताकि यहां आने वाले मरीजों को सुविधा मिल सके और अस्पताल की सुविधाओं में और वृद्धि हो सके। यह जानकारी बीबीएमबी रेड क्रॉस संस्था की चेयरपर्सन श्रीमती सीमा गुप्ता ने दी। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी की रेड क्रॉस संस्था हमेशा ही जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करती आई है। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस संस्था द्वारा देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर यह भेंट अस्पताल को उपलब्ध करवाई गई है। रेड क्रॉस की सचिव श्रीमती डिंपल ने कहा कि दोनों एसी अस्पताल में स्थापित कर दिए गए हैं और इससे मरीजों को सुविधा एवं लाभ मिलेगा। बीबीएमबी अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुरिंदरपाल सिंह ने बीबीएमबी रेड क्रॉस संस्था का अस्पताल को एसी उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा अस्पताल की सुविधाओं में सुधार के लिए किया गया यह सहयोग सराहनीय है।

नराता सिंह यादगारी लाइब्रेरी का उद्घाटन

पैग़ाम-ऐ-जगत
खरड़ 19 अगस्त (दविंदर कौर सहोता)

नराता सिंह यादगारी डॉ. भीम राव अंबेडकर लाइब्रेरी का उद्घाटन गुरमीत सिंह पी.सी.एस., एस.डी.एम. खरड़ गुरमीत सिंह ने किया। इस मौके पर एस. डी. एम. गुरमीत सिंह ने लाइब्रेरी इमारत दाता गरीब सिंह जिन्होंने अपनी जायदाद गुरु रविदास सभा के नाम की उसकी सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक और सराहनीय कदम बताया। इस मौके पर मदन लाल जनागल प्रधान, हरनाम सिंह डल्ला, गुरमेल सिंह भालीवाल, जंग सिंह मदन लाल जनागल प्रधान, जसपाल मीत प्रधान हरनाम डल्ला जन. सचिव, जय सिंह छिब्बर, जंग सिंह वित्त सचिव, प्रिंसिपल हरचरन सिंह, हरनेक सिंह देवपुरी, कैप्टन चंदर गेरा, कुलदीप कुमार, राम कृष्ण कलेर भी हाजिर थे।

राज्य एससी आयोग के अध्यक्ष से श्मशान घाटों के निर्माण की मांग को लेकर मिला प्रतिनिधिमंडल

ऊना, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

ऊना जिले के गगरेट और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्रों की विभिन्न पंचायतों में श्मशान घाटों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए बजट उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर कबीर पंथी कल्याण बोर्ड के सदस्य देव राज शांडिल तथा कबीर पंथी समाज सुधार सभा ऊना के प्रधान सुरेश कुमार के नेतृत्व में कबीर पंथी समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कुलदीप कुमार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपकर संबंधित सात पंचायतों में श्मशान घाटों के लिए पांच-पांच लाख रुपये उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। इस अवसर पर आयोग के सदस्य डॉ. विजय डोगरा और शालिनी जम्वाल भी उपस्थित रहे।

ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र की कई पंचायतों में कबीर पंथी बस्तियों एवं अन्य परिवारों के लिए श्मशान घाट की सुविधा नहीं होने से लोगों को अंतिम संस्कार के लिए दूर-दराज के स्थानों पर जाना पड़ता है। कई जगह उचित रास्ते नहीं होने से भी परेशानी होती है। स्थानीय लोग श्मशान घाटों के लिए भूमि उपलब्ध करवाने को तैयार हैं, लेकिन बजट के अभाव में निर्माण नहीं हो पा रहा है। कुछ स्थानों पर मौजूदा श्मशान घाटों की मरम्मत की भी आवश्यकता है।

प्रतिनिधिमंडल ने लोहारा अपर, मंदोली, अंब टिल्ला, सारड़ा, सूरी, चौआर और पोलियां प्रोहिता पंचायतों में श्मशान घाटों के निर्माण अथवा आवश्यक मरम्मत के लिए पांच लाख रुपये प्रति पंचायत उपलब्ध करवाने की मांग की।

आयोग अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों की गंभीरता से सुनते हुए कहा कि अंतिम संस्कार जैसी मूलभूत सुविधा से जुड़ा विषय मानवीय संवेदनाओं से संबंधित है।

उन्होंने कहा कि मामले को संबंधित स्तर पर उठाकर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रयास किया जाएगा।

पार्क ग्रीशियन अस्पताल ने 32 वर्षीय महिला को दिया नया जीवन

मोहाली, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

टाइप 2 मधुमेह (डायबिटीज) और अत्यधिक अनियंत्रित ब्लड शुगर स्तर से पीड़ित एक 32 वर्षीय महिला को हाल ही में पार्क ग्रीशियन अस्पताल, मोहाली में इलाज के बाद नया जीवन मिला। महिला का दाहिने पैर के गंभीर 'डीप वेन थ्रोम्बोसिस' और जीवन के लिए खतरनाक बने 'पल्मोनरी एम्बोलिज्म' का सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

महिला को अत्यधिक बढ़े हुए ब्लड शुगर स्तर के साथ दाहिने पैर में गंभीर सूजन, सुन्नता, रंग में बदलाव और तेज दर्द की शिकायत के बाद पार्क अस्पताल लाया गया था। शुरुआत में एंडोक्रिनोलॉजी कंसलटेंट डॉ. नीरज गर्ग ने उनके अनियंत्रित मधुमेह का प्रबंधन किया और साथ में उचित खून पतला करने की दवाएं दी । थ्रोम्बोसिस की गंभीरता और पैर को नुकसान पहुंचने की आशंका को देखते हुए, बाद में वैस्कुलर सर्जन डॉ. सैयद वाहिद और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. संकल्प शर्मा द्वारा मरीज का मूल्यांकन किया गया।

आगे की जांच में पता चला कि मरीज को लगभग 90% क्लॉट बर्डन के साथ एक बड़ा 'पल्मोनरी एम्बोलिज्म' था, जिससे मरीज की हालत तेजी से बिगड़ने और जानलेवा स्थिति बनने का गंभीर खतरा था। उपयुक्त सिस्टमिक थ्रॉम्बोलिटिक थेरेपी के बाद डॉ. संकल्प शर्मा और इंटरवेंशनल टीम ने एडवांस्ड कैथेटर-आधारित थेरेपी, कैथेटर-डायरेक्टेड थ्रोम्बोलिसिस और मैकेनिकल एम्बोलेक्टॉमी का इस्तेमाल किया। फेफड़ों तक आगे थक्के पहुंचने के जोखिम को कम करने के लिए एक इंफीरियर वेना कावा फिल्टर भी लगाया गया। प्रक्रिया के बाद, मल्टीडिसीप्लिनरी टीम द्वारा मरीज की बारीकी से निगरानी और देखभाल की गई। इलाज का उन पर अच्छा असर हुआ है और फिलहाल उनकी हालत स्थिर है तथा वह ठीक हो रही हैं।

12 सितंबर तक दावे-आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता : डिप्टी कमिश्नर

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने बताया कि एसआईआर-2026 के तहत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जिले में 13 अगस्त को सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों द्वारा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले के 7 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,601 मतदान केंद्र हैं और प्रारंभिक मतदाता सूची में कुल 11,69,930 मतदाता दर्ज हैं। इनमें 6,06,876 पुरुष, 5,63,024 महिलाएं और 30 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में 12 सितंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। जिन पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है और जिनकी आयु 1 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष या इससे अधिक होगी, वे नाम शामिल करवाने के लिए फॉर्म नंबर 6 भर सकते हैं। मतदाता सूची में दर्ज किसी नाम पर आपत्ति अथवा नाम हटाने के लिए फॉर्म नंबर 7 तथा विवरण में संशोधन के लिए फॉर्म नंबर 8 जमा किया जा सकता है। ये आवेदन संबंधित बीएलओ/ईआरओ कार्यालय में या ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से भी किए जा सकते हैं। आशिका जैन ने बताया कि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटारा संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों द्वारा 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। इसके बाद जिले में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 12 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के सभी निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों द्वारा अनमैप्ड मतदाताओं तथा मैपिंग के दौरान पाई गई त्रुटियों से संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

इस संबंध में मतदाताओं से अपील की जाती है कि यदि उन्हें संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी या सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारी की ओर से नोटिस प्राप्त होता है, तो वे अपने दस्तावेज निर्धारित तिथि को बताए गए स्थान पर प्रस्तुत करें।

पेज एक का शेष

चीनी 18 दिन...

त्योहार हैं। इन मौकों पर मिठाइयों और पकवानों की मांग बढ़ती है और शकर की खपत भी बढ़ जाती है। इसके बाद शादी का सीजन शुरू होगा। ऐसे में अगर शकर के दाम नहीं गिरे तो आने वाले समय में परिवारों का खर्च और बढ़ सकता है।

5 सदस्यीय हाई...

और इस दौरान प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़पें हुई थीं। सुरक्षाकर्मियों ने संसद की ओर बढ़ने की कोशिश कर रही भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठियों और आंसू गैस के गोलों का इस्तेमाल किया था। प्रदर्शनकारी नीट प्रश्नपत्र लीक मामले को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

अमृतसर में 5...

कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 किलो हेरोइन बरामद की। पुलिस अब हेरोइन सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य लोगों का पता लगाने के लिए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इसी तरह दूसरी कार्रवाई घरिंडा थाना क्षेत्र में की गई। पुलिस ने बचीविंड के रहने वाले अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अर्जुन सिंह हेरोइन की खेप किसी अज्ञात व्यक्ति को पहुंचाने की फिराक में था। तलाशी के दौरान उसके पास से 1 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके अलावा तीसरी कार्रवाई में भी घरिंडा पुलिस ने वंशदीप सिंह और करनदीप सिंह को गिरफ्तार किया। दोनों डिफेंस नहर के पास पैदल सप्लाई देने जा रहे थे। पुलिस ने तलाशी लेकर उनके पास से 569 ग्राम हेरोइन और पैकिंग सामग्री बरामद की।

'पंजाब बंद' का...

से धर्म, जाति और राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर बंद को समर्थन देने की अपील की। नेताओं ने 21 अगस्त को दोपहर 2 बजे तक कारोबार और वाहनों को बंद रखकर संघर्ष में सहयोग देने का आग्रह किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिरोमणि अकाली दल के नेता पूनर सुरजीत, गुरप्रताप वडाला सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। पंजाब बंद को सिख तालमेल कमेटी और आगाज एनजीओ ने भी समर्थन दिया। कौमी इंसाफ मोर्चा के अनुसार 21 अगस्त को सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक पंजाब बंद रखा जाएगा। इस दौरान स्कूल-कॉलेज, विश्वविद्यालय, बाजार, दुकानें, वाणिज्यिक संस्थान और हाइवे पर सामान्य आवाजाही बंद रखने की अपील की गई है। हालांकि, एम्बुलेंस, अस्पताल, मेडिकल स्टोर, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं को बंद से छूट दी गई है। मोर्चे ने कहा कि बंद का उद्देश्य आम लोगों को परेशान करना नहीं, बल्कि बंदी सिखों की रिहाई और कथित सरकारी ज्यादती के खिलाफ आवाज उठाना है।

कांग्रेस के पूर्व...

दौरान दो सिख पुरुषों की हत्या से जुड़े एक अलग मामले में भी उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। सज्जन कुमार तीन बार लोकसभा सदस्य रहे और उन्होंने बाहरी दिल्ली का प्रतिनिधित्व किया। वह कांग्रेस पार्टी के एक प्रमुख नेता के तौर पर जाने जाते थे, लेकिन 2018 में दोषी ठहराए जाने के बाद उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

31 अगस्त को...

कार्यालय को भेजे जाएंगे। इसके बाद 11 सितंबर को सुबह 11 बजे डिपार्टमेंट ऑफ जूलॉजी के ऑडिटोरियम में एग्जीक्यूटिव चुनाव होंगे। इसमें निर्वाचित डिपार्टमेंटल रिप्रेजेंटेटिव्स और ऑफिस बियरर्स को उपस्थित रहने की अनुमति होगी।

एसबीआई कर्मचारी ने...

लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आज तीन मौतों से लखनऊ में सनसनी फैल गई। बैंक कर्मचारी महिला की हत्या की सूचना पर पुलिस के उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे। टीम जांच में जुटी ही थी कि सूचना मिली कि पत्नी के बाद बहन की हत्या करने वाले युवक ने खुदकुशी कर ली है।

राम मंदिर निर्माण...

चोरी का मामला सामने आने के बाद 26 जून को महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। 6 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक में इस्तीफा मंजूर किया गया था। उसी दिन चंपत राय ने एक लेटर जारी कर ट्रस्टी अनिल मिश्र पर गंभीर आरोप लगाए थे।

कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के प्रतिनिधिमंडल ने किया एमएचयू का भ्रमण

कोच्चि विश्वविद्यालय इंटरनेटस आफ प्लांट तकनीक के मॉडूयल पर करेंगे अनुसंधान: प्रो. सुरेश मल्होत्रा

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अगस्त (प्रवीण वालिया)

कोच्चि विश्वविद्यालय जापान का 5 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने महाराणा प्रताप हार्टिकल्चर यूनिवर्सिटी करनाल का दौरा किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल का एमएचयू पहुंचने पर माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने स्वागत किया। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने बागवानी महाविद्यालय का दौरा किया।

माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने बताया कि गत वर्ष एमएचयू और कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के बीच ग्रीन हाउस खेती में जापान की इंटरनेटस ऑफ प्लांटस (आईओपी) नामक तकनीक पर अनुसंधान के लिए एक समझौता ज्ञापन अनुसार विभिन्न बचावारों पर अनुसंधान चल रहे है, उनकी प्रगृति और उन्हें किस तरह से धरातल पर उतारा जाए। इन सब पर गहन मंत्रणा हुई। विश्व जलवायु परिवर्तन से होने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जद्दोजहद कर रहे है, जलवायु परिवर्तन के चलते प्राकृतिक आपदाएं, असमय ओलावृष्टि, अधिक बरसात, असमय सूखा आदि से होने वाले नुकसान की संभावना बनी रहती है। इन सबके चलते मझौले व छोटे किसानों के लिए खेती से अधिक पैदावार व अधिक आय लेना कड़ी चुनौती बना हुआ है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए दोनों ही विश्वविद्यालयों ने मिलकर बहुत काम किया है, इसके तहत ग्रीन हाउस के अंदर फल, सब्जियां, फूल व मसालों वाली फसलों पर सैंसर संवेदी तकनीक, जिससे ग्रीन हाउस में तापमान, आद्रर्ता, प्रकाश सरलेषण आदि के वैज्ञानिक सिद्धात पर विभिन्न् फसलों के लिए इंटरनेटस आफ प्लाटस (आईओपी) मॉड्यूल तैयार किए जा रहे है ताकि हरियाणा राज्य के लिए इस प्रकार आधुनिक वैज्ञानिक तकनीक बनाकर किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। इससे बागवानी फसलों के उत्पादन, गुणवत्ता, अधिक आय की संभावनाएं बढ़ेंगी।

कोच्चि विश्वविद्यालय जापान के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कृषि संकाय के डीन डॉ शोता तनाका ने बताया कि एमएचयू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में दोनों ही विश्वविद्यालय के बीच हुए समझौते पर बहुत तेजी से आगे बढ़ा गया। क्योंकि कुलपति प्रो. मल्होत्रा कृषि मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व कमिश्नर रह चुके है, उनके अनुभवों को हम लोगों को भी फायदा मिल रहा है।

जिसके तहत उनकी देखरेख में समझौते ज्ञापन में कई मॉडयूलों की ओर सफलता की ओर बढ़ रहे है। जिनका दोनों ही देशों के किसानों को फायदा होगा।

1- 13 दिन, एफ.आइ.आर. अब तक नहीं: ई.डी. के रेफरेंस पर पंजाब पुलिस की निष्क्रियता पर सांपला ने उठाए सवाल, सी.बी.आई. जांच की मांग

पंजाब पुलिस ने 13 दिनों से ई.डी. का रेफरेंस लंबित क्यों रखा? सांपला ने सी.बी.आई. जांच की मांग की

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर
(दलजीत अजनोहा)

ई.डी. ने पंजाब के डी.जी.पी. को कोई राजनीतिक पत्र नहीं भेजा है, बल्कि पी.एम.एल.ए. की धारा 66(2) के तहत जांच के दौरान प्राप्त सामग्री भेजी है और स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सामग्री से संज्ञेय अपराध किए जाने के संकेत मिलते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा है कि जब किसी सूचना से संज्ञेय अपराध का खुलासा होता है, तो न्यायालय द्वारा निर्धारित सिद्धांतों के अधीन एफ.आइ.आर. दर्ज करना कानून आवश्यक है। पंजाब पुलिस द्वारा पिछले 13 दिनों से ई.डी. के रेफरेंस को लंबित रखा जाना उसकी कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इसलिए हम पूरे मामले की स्वतंत्र सी.बी.आई. जांच की मांग करते हैं,' यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी, पंजाब के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय सांपला ने चंडीगढ़ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कही।

- **अगर हमके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो ई.डी. के आरोपों की सी.बी.आई. जांच की मांग खुद करें: विजय सांपला**

सांपला ने कहा कि ई.डी. का यह रेफरेंस एक मामले की जांच के दौरान जुटाई गई सामग्री पर आधारित है, जिसमें आपराधिक साजिश, भ्रष्टाचार, गोपनीय सरकारी सूचनाओं के अनधिकृत लीक, तबादलों एवं नियुक्तियों में हस्तक्षेप, सरकारी नीतियों और टेंडरों में हेरफेर, अवैध आर्थिक लाभ तथा अन्य संज्ञेय अपराधों से जुड़े गंभीर आरोपों का उल्लेख है।

उन्होंने कहा, 'यह मामला इसलिए और गंभीर हो जाता है क्योंकि ई.डी. की जांच सामग्री में मुख्यमंत्री कार्यालय से ओ.एस.डी. के रूप में जुड़े राजबीर घुम्मन का उल्लेख है और सरकारी कामकाज से जुड़े मामलों में नितिन गोहल के साथ उनके कथित समन्वय का भी जिक्र है। इस सामग्री में तबादलों एवं नियुक्तियों से लेकर सरकारी नीतियों, टेंडरों, गोपनीय सूचनाओं, जमीन से जुड़े मामलों, लाइसेंस और कथित वित्तीय लाभ तक कई तरह के मुद्दों का उल्लेख है। इससे एक मूलभूत सवाल उठता है कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जुड़े व्यक्ति के आसपास कथित तौर पर इतना व्यापक नेटवर्क कैसे काम करता रहा और मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी तक नहीं हुई?'

उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। 'अगर भगवंत मान को वास्तव में इन कथित गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी और उनके पास छिपाने के लिए कुछ नहीं है, तो उन्हें स्वयं सी.बी.आई. जांच की मांग करनी चाहिए। वे पंजाब के गृह मंत्री भी हैं और पंजाब पुलिस राज्य सरकार के अधीन कार्य करती है। ऐसी परिस्थितियों में जनता का विश्वास कायम रखने और सच्चाई सामने लाने के लिए स्वतंत्र केंद्रीय जांच आवश्यक है।'

सांपला ने ई.डी. द्वारा मांगी गई एफ.आइ.आर. तत्काल दर्ज करने, सभी डिजिटल, दस्तावेजी और वित्तीय साक्ष्यों को सुरक्षित रखने तथा पूरे मामले की समयबद्ध सी.बी.आई. जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जांच में नितिन गोहल, राजबीर घुम्मन तथा ई.डी. की सामग्री में नामित अन्य सभी व्यक्तियों की भूमिकाओं की भी जांच होनी चाहिए।

भगवंत मान बार-बार दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है। अब इसे साबित करने का समय है। पंजाब को निष्पक्ष जांच चाहिए, स्पष्टीकरण नहीं; एफ.आइ.आर. चाहिए, राजनीतिक बहाने नहीं; और सच्चाई चाहिए– चाहे वह सच्चाई कुछ भी हो,' सांपला ने कहा।

भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा द्वारा हीमोग्लोबिन चेकअप कैंप का सफल आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अगस्त (प्रवीण वालिया)

भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा द्वारा इंडस्ट्रियल होम (दिव्यांग केंद्र) में एनीमिया मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हीमोग्लोबिन चेकअप कैंप का सफल आयोजन सोनिया मेहता की अध्यक्षता में किया गया।

इस सेवा शिविर में लगभग 80 बालिकाओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई तथा उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही सभी बालिकाओं के लिए जलपान की सुंदर व्यवस्था भी की गई। शाखा सदस्यों में सचिव सुमन अरोड़ा, कोषाध्यक्ष रजनी पुरी, महिला सहभागिता सोनिया हंस, हर्षिता सुखीजा , अनिल मदान जी का भरपूर सहयोग रहा। यह आयोजन बालिकाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल है। इस उत्कृष्ट सेवा प्रकल्प के लिए प्रकल्प प्रमुख पूनम गुलाटी जी एवं राज अरोड़ा जी को हार्दिक बधाई एवं साधुवाद। साथ ही इस सफल आयोजन में अपना समय, सहयोग एवं योगदान देने वाले सभी सदस्यों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार। आप सभी के सामूहिक प्रयासों से सेवा, संस्कार और समाजहित की भावना निरंतर मजबूत हो रही है।

डीएनटी समाज मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री से महत्वपूर्ण मुलाकात हुई: लक्ष्मण नापा

पैग़ाम-ऐ-जगत
रतिया, 20 अगस्त : (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

हल्का रतिया के पूर्व विधायक लक्ष्मण नापा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 30 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाले पंजाब एवं हरियाणा DNT समाज मुक्ति दिवस के संदर्भ में चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी से DNT समाज, पंजाब एवं हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार भेंट कर कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की एवं उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उन्होंने बताया कि इस अवसर पर राजेंद्र देसू जोधा जी, बूटा सिंह बाजीगर जी, संत लाल ओड जी हल्का सतराना सहित समाज के अनेक गणमान्य प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहभागिता रही।

बैठक में DNT समाज के उत्थान, सम्मान, अधिकार एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सार्थक संवाद हुआ। प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के समक्ष समाज की मांगों एवं सुझावों को प्रमुखता से रखा गया।

बाबा कश्मीरा सिंह जी, डेरा बाबा भूरी वाले, अमृतसर साहिब ने सेक्टर-32, चंडीगढ़ स्थित तेरा ही तेरा मेडिकोज में चरण डाले

चंडीगढ़ (हरमिंदर नागपाल)

इन महापुरुषों का यहाँ के इंचार्ज डी.पी. सिंह–पूर्व सी.ई.ओ., तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब; पूर्व सी.ई.ओ., एच.एस.जी.एम.सी.; पूर्व डी.जी.एम., पंजाब एंड सिंध बैंक; फाउंडर मेंबर, सलाहकार और पूर्व प्रधान, जी.पी.एस.एस.; और ब्रांच इंचार्ज, तेरा ही तेरा मेडिकोज, चंडीगढ़– और उनकी टीम द्वारा भरपूर स्वागत किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, सेक्टर-34 के चाइस प्रधान सतनाम सिंह और अमरिंदर सिंह, सीनियर फार्मासिस्ट, तेरा ही तेरा मेडिकोज भी हाजिर थे।

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लोअर बसाल में टीकाकरण सत्र आयोजित

ऊना, 20 अगस्त (पैग़ाम-ऐ-जगत)

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 31 अगस्त, 2026 तक एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को राजकीय उच्च विद्यालय, लोअर बसाल में पात्र बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण सत्र आयोजित किया गया।

यह जानकारी देते हुए जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. ऋचा कालिया ने बताया कि जिले में 'मिशन 4500' के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की पात्र बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक पात्र बालिकाओं को टीकाकरण का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि लोअर बसाल स्कूल में आयोजित टीकाकरण सत्र के लिए 10 पात्र बालिकाओं की पहचान की गई थी, जिनमें से 8 बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्याध्यापक, शिक्षकगण एवं बालिकाओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

गरीब विद्यार्थियों के लिए मिसाल बनी ए.एस.आई. गुरदेव सिंह की निस्वार्थ सेवा: अविनाश राय खन्ना

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना ने कहा कि एएसआई ने पंजाब पुलिस में सहायक सब-इंस्पेक्टर के पद पर तैनाई निभ रहे ए.एस.आई. गुरदेव सिंह द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को यू.पी.एस.सी. की परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी कराने, रहने और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। खन्ना ने ए.एस.आई. गुरदेव सिंह की इस निस्वार्थ एवं समाजसेवी भावना की सराहना करते हुए पंजाब के राज्यपाल व उपराज्यपाल जम्मू एवं कश्मीर पुलिस से उन्हें विशेष रूप से सम्मानित करने की सिफारिश की है। खन्ना ने कहा कि गुरदेव सिंह ने अपने पुलिस दायित्वों के साथ-साथ समाज के उस वर्ग के बच्चों के भविष्य को संवारने का बीड़ा उठाया है, जो आर्थिक अभाव के कारण मुश्किलों का सामना नहीं कर पाते। उन्होंने सब्सिडाइज्ड स्टडीज सेन्टर एंड एजुकेशनल सोसायटी के माध्यम से सीमित परिसरों से संबंधित विद्यार्थियों को यू.पी.एस.सी. की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ भोजन एवं उपयुक्त की सुविधा उपलब्ध कराकर शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि गुरदेव सिंह के मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर चुके हैं तथा कुछ विद्यार्थियों ने पंजाब पुलिस में सब-इंस्पेक्टर की सेवाओं और अन्य महत्वपूर्ण पदों तक पहुंचकर उसमें परिवार तथा समाज का नाम रोशन किया है। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि यदि समाज के सक्षम लोग जरूरतमंद विद्यार्थियों का हाथ थामें तो प्रतिभा को आर्थिक मजबूरियों के कारण कभी दबना नहीं पड़ेगा। पूर्व सांसद ने कहा कि पुलिस सेवा को केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित न मानकर समाज निर्माण का माध्यम बनाना गुरदेव सिंह की सोच को विशिष्ट बनाता है उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मठ, संवेदनशील और जिम्मेवार अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से सम्मानित किए जाने से न केवल उनका उत्साह बढ़ेगा, बल्कि अन्य सरकारी अधिकारियों एवं समाजसेवियों को भी जनहित के लिए प्रेरणा मिलेगी। खन्ना ने पंजाब के राज्यपाल से आग्रह किया कि ए.एस.आई. गुरदेव सिंह की समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में की जा रही उत्कृष्टतापूर्ण सेवाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाए, ताकि उनकी इस प्रेरणादायी पहल को उचित पहचान मिल सके।

पीएलआई/आरपीएलआई के लिए अन्य विभागीय कर्मचारी के रूप में कार्य कर सकेंगे पात्र कर्मचारी

ऊना, 20 अगस्त
( )

डाक विभाग द्वारा डाक जीवन बीमा (पीएलआई) एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) की पहुंच को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से सरकारी कर्मचारियों के लिए एक नई श्रेणी 'अन्य विभागीय कर्मचारी (अदर डिपार्टमेंटल एम्प्लॉय-ओडीई)' के रूप में शुरू की गई है। इस पहल के तहत केंद्र एवं राज्य सरकार के पात्र कर्मचारी कार्यालय समय के बाद स्वैच्छिक आधार पर पीएलआई/ आरपीएलआई व्यवसाय के लिए कार्य कर सकेंगे तथा निर्धारित नियमों के अनुसार प्रोत्साहन राशि प्राप्त कर सकेंगे। डाकघर ऊना मंडल के अधीक्षक बलबीर चंद ने जानकारी दी कि डाक जीवन बीमा योजना 1 फरवरी, 1884 से संचालित हो रही है और देश की विश्वसनीय सरकारी बीमा योजनाओं में शामिल है। नई व्यवस्था के तहत केंद्र अथवा राज्य सरकार में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को पीएलआई/ आरपीएलआई के लिए बिक्री बल के रूप में जोड़ा जाएगा।

ओडीई के लिए पात्रता एवं शर्तें

उन्होंने बताया कि केंद्र या राज्य सरकार का कोई भी कार्यरत कर्मचारी, जो पे मैट्रिक्स में पे लेवल-8 तक के पद पर कार्यरत है, ओडीई के रूप में पात्र होगा। इच्छुक कर्मचारी को अपने मूल विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा।

ओडीई के रूप में कार्य पूर्णतः स्वैच्छिक एवं कार्यालय समय के बाद किया जाएगा। पात्र ओडीई को पीएलआई/ आरपीएलआई व्यवसाय के लिए निर्धारित दरों के अनुसार नए व्यवसाय की खरीद तथा नवीनीकरण पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। पीएलआई/ आरपीएलआई से संबंधित प्रस्ताव संबंधित डाक मंडल के विकास अधिकारी के माध्यम से प्रस्तुत किए जाएंगे।

बलबीर चंद ने बताया कि ओडीई के रूप में कार्य करने के इच्छुक पात्र सरकारी कर्मचारी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित कार्यालय के माध्यम से 31 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

रेडक्रॉस सोसायटी के लक्की ड्रॉ में पहले विजेता को निकला ऐपल आइफोन

ऊना, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के रेफरल ड्रॉ में पहले इनाम में टिकट नंबर धारक 37034 को ऐपल आइफोन निकला है। बता दें, जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने रेडक्रॉस के पहले पांच ड्रॉ निकाले थे, शेष ड्रॉ उपायुक्त जतिन लाल ने आज (गुरुवार) को उपायुक्त कार्यालय में निकाले।

रेफरल ड्रॉ में कुल 10 पुरस्कारों के लिए 101 टिकट नंबर निकाले गए हैं। रेफरल ड्रॉ में पहले विजेता टिकट नम्बर 37034 को ऐपल आइफोन या एक लाख रूपये निकला है, जबकि दूसरे पुरस्कार में टिकट नंबर 03168 को 70 हजार रुपये या इलेक्ट्रिक स्कूटर निकला है। इसके अलावा तीसरे पुरस्कार में टिकट नंबर 49495 को लैपटॉप या 50 हजार रुपये निकले हैं। चौथे पुरस्कार के लिए दो लक्की विजेता टिकट नंबर धारकों 39189 और 40816 को सैमसंग मोबाइल या 25-25 हजार रुपये निकले हैं। 5वें पुरस्कार के लिए तीन लक्की विजेता टिकट नंबर 14888, 45255 व 05704 को टेबलेट या 20-20 हजार रुपये की राशि निकली है। वहीं छठें नंबर पर 10 लक्की विजेता टिकट नंबर 15835, 07561,18340, 19146, 15625, 17257, 16109, 28968, 03409 व 48324 को मिक्सर ग्राइंडर या 2500 रुपये निकले हैं।

7वें नंबर पर 10 लक्की विजेता टिकट नंबर 05209, 00750, 17710, 18942, 16339, 32649, 16351, 38398, 26327 व 03201 को प्रेशर कुकर व 2000 रुपये निकले हैं। 8वें नंबर पर भी 10 लक्की विजेता टिकट नंबर 04069, 38029, 35000, 13214, 15667, 35099, 20768, 45737, 08288 व 49422 को सीलिंग फैन या 2000 रुपये निकले हैं। 9वें स्थान पर 13 लक्की विजेता टिकट नंबर 14272, 15826, 11066, 05800, 31739, 05198, 46691, 20722, 07687, 44304, 06095, 20686 व 03392 को प्रेस या 800 रुपये निकले हैं।

अंतिम और 10वें नंबर पर 50 लक्की विजेताओं टिकट नंबर 15828, 17523, 26326, 36271, 29813, 40601, 41513, 36130, 28138, 41235, 26330, 41856, 45237, 34799, 22097, 07697, 34709, 36717, 15778, 36591, 08676, 40789, 20062, 18232, 38402, 11071, 33712, 41332, 18862, 13734, 17787, 13277, 13134, 39941, 13271, 46699, 36257, 05237, 07518, 46874, 33733, 31772, 03389, 03447, 34743, 02692, 39950, 17196, 33713 व 36325 को दीवार की घड़ी व 500 रुपये निकले हैं।

उपायुक्त ने बताया कि रेफरल ड्रॉ में जिन व्यक्तियों के टिकट नंबर निकले हैं, वे 30 दिनों के भीतर स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपायुक्त कार्यालय स्थित रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव कार्यालय के कमरा नंबर 406 में अपने दावे प्रस्तुत कर सकते हैं।

इयूटी में लापरवाही बरतने पर एडीसी लक्षित सरीन की सख्ती, खेड़ी जालब नायब तहसीलदार सहित दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

जन संवाद व सीएम विंडो पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा बैठक आयोजित

हांसी (दिनकर गावड़ी)

जन संवाद तथा सीएम विंडो पोर्टल पर दर्ज नागरिकों की शिकायतों के समाधान को लेकर जिला सचिवालय परिसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने की। उन्होंने दोनों पोर्टलों पर दर्ज शिकायतों की विभागवार एवं एक-एक कर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा कार्रवाई रिपोर्ट (ए.टी.आर.) पोर्टल पर समयबद्ध तरीके से अपलोड की जाए।

एडीसी लक्षित सरीन ने कहा कि जन संवाद और सीएम विंडो सरकार के महत्वपूर्ण माध्यम हैं, जिनके जरिए आम नागरिक अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखते हैं। इसलिए इन पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों के निपटारे में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मौके की स्थिति का निरीक्षण करें और नियमानुसार समाधान करवाकर उसकी स्पष्ट एवं तथ्यात्मक ए.टी.आर. अपलोड करें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संबंधित विभाग के अधिकारी शिकायतों की नियमित निगरानी करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी शिकायत बिना उचित कार्रवाई के लंबित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को दी गई कार्रवाई की जानकारी भी स्पष्ट रूप से उपलब्ध करवाई जाए, ताकि लोगों को अपनी शिकायत के समाधान की स्थिति के बारे में जानकारी मिल सके।

बैठक के दौरान खेड़ी जालब उप तहसील के नायब तहसीलदार अनुपस्थित पाए गए। इस पर एडीसी लक्षित सरीन ने कड़ा संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, बैठक में ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने वाले उपयुक्त कार्यालय के दो कर्मचारियों के संबंध में भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

एडीसी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सरकारी कार्यों के प्रति गंभीरता एवं जिम्मेदारी बरतें और निर्धारित बैठकों में समय पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का शीघ्र एवं प्रभावी समाधान करना है। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और शिकायतों के निपटारे में गुणवत्ता के साथ-साथ समयबद्धता का भी विशेष ध्यान रखें। बैठक में एसडीएम राजेश खोथ,एसडीएम विकास यादव, तहसीलदार डॉ अनिल कुमार बिढान तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा, द्वारा रुद्राभिषेक एवं आराधना का भव्य आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 20 अगस्त (वालिया)

भारत विकास परिषद कृष्ण शाखा, करनाल द्वारा राम मंदिर, सेक्टर-8, करनाल में सावन मास के पावन अवसर पर रुद्राभिषेक एवं भगवान भोलेनाथ की आराधना का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन कार्यक्रम में शाखा के 25 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी सदस्यों ने विधि-विधान एवं श्रद्धा के साथ भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया और विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं शांति की प्रार्थना की। कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए कृष्ण मिस्टर्स द्वारा छोले-कुलचे के प्रसाद की

"पैगाम-ऐ-जगत"
HEAD OFFICE
F 388, Industrial Area,
Sector 74, Sahibzada Ajit
Singh Nagar, Punjab 160071
हैड ऑफिसिज़ एंड
वड्डा दफ्तर

सीवरेज सफाई में लापरवाही की शिकायत पर जन स्वास्थ्य विभाग हांसी के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

जिला सचिवालय परिसर में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश खोथ ने नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में उत्तम नगर के निवासियों ने क्षेत्र में सीवरेज लाइनों की सही ढंग से सफाई नहीं करवाए जाने की शिकायत रखी। एसडीएम राजेश खोथ ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तत्काल मौके का निरीक्षण करने तथा सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा आज ही नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि मामले में नियमानुसार उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

दिव्यांग पेंशन के आवेदन में मोबाइल नंबर गलत मिलने पर एसडीएम ने मौके पर करवाया दुरुस्त: समाधान शिविर में गढ़ी गांव निवासी सरजीत ने अपने बेटे की दिव्यांग पेंशन बनवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम राजेश खोथ ने आवेदन का निरीक्षण

- एसडीएम राजेश खोथ ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की समस्याएं, अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से शिकायतों के समाधान के निर्देश

करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर पात्रता के अनुसार पेंशन बनवाने की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। आवेदन की जांच के दौरान एसडीएम ने पाया कि आवेदन फार्म में मोबाइल नंबर के नौ अंक ही दर्ज थे। उन्होंने तुरंत आवेदक से उसका सही मोबाइल नंबर पूछा और आवेदन में मोबाइल नंबर दुरुस्त करवाया। इसके साथ ही उन्होंने जिला सचिवालय परिसर में टाइपिस्ट की दुकान संचालकों को भी निर्देश दिए कि वे नागरिकों के आवेदन तैयार करते समय प्रत्येक जानकारी को ध्यानपूर्वक दर्ज करें, ताकि छोटी-छोटी गलतियों के कारण लोगों को भविष्य में परेशानी का सामना न करना पड़े।

एसडीएम ने कहा कि आवेदन पत्र में दर्ज की जाने वाली प्रत्येक जानकारी महत्वपूर्ण होती है। छोटी सी त्रुटि भी कई बार नागरिक के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। इसलिए आवेदन तैयार करते समय पूरी सावधानी बालीबरतना जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से कहा है कि वह साधारण पेपर पर हाथ से लिखकर भी अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं।

जल आपूर्ति पाइपलाइन के रिसाव, सीवरेज ढक्कन व अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश: शहर निवासी अशोक कुमार ने जगदीश कॉलोनी तथा मुल्तान कॉलोनी क्षेत्र में जल आपूर्ति पाइपलाइन के रिसाव को पूरी तरह बंद करवाने, सीवरेज लाइन के ढक्कनों को दुरुस्त करवाने तथा गलियों से अतिक्रमण हटवाने को लेकर शिकायत प्रस्तुत की। एसडीएम राजेश खोथ ने शिकायत का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक समस्या का मौके पर निरीक्षण कर नियमानुसार उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

हांसी- मैनीपुरा होते हुए सिसाय, लोहारी तक बस सेवा शुरू करने की मांग:

दीपक शर्मा तथा टीकाराम ने हांसी से मैनीपुरा होते हुए सिसाय लोहारी गांव तक बस सेवा शुरू करवाने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। एसडीएम ने लोगों को परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों से तुरंत बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 24 की पार्षद सुमन सहित अन्य नागरिकों ने बोधाराम कॉलोनी, रूपनगर कॉलोनी तथा दुर्गा कॉलोनी में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग रखी। एसडीएम राजेश खोथ ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके का निरीक्षण कर पेयजल संबंधी समस्या का तुरंत समाधान करवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय कम करवाने, राशन कार्ड बनवाने सहित विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य शिकायतें एवं आवेदन भी नागरिकों द्वारा प्रस्तुत किए गए। एसडीएम ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को टारगेट आधार पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान करवाना है, इसलिए अधिकारी शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें और प्रत्येक मामले में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नागरिकों को राहत प्रदान करें।

इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. अनिल कुमार विद्वान, नायब तहसीलदार सुरेश कुमार, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राज सिंह, नगर परिषद के ईओ राजेंद्र सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बिजेंद्र लोहान ने किया संत शिरोमणि गुरु रविदास की पावन कलश यात्रा का भव्य स्वागत

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी (दिनकर गावड़ी)

संत शिरोमणि गुरु रविदास की पावन कलश यात्रा के नारनौद पहुंचने पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा हांसी जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ कलश यात्रा का स्वागत किया। उन्होंने यात्रा में शामिल होकर संत शिरोमणि गुरु रविदास के पावन कलश के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

कलश यात्रा के नारनौद पहुंचने पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। वातावरण गुरु रविदास के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प अर्पित कर पावन कलश का स्वागत किया तथा संत

रविदास की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। बिजेंद्र लोहान ने भी श्रद्धालुओं के साथ यात्रा में भाग लेते हुए गुरु रविदास महाराज के चरणों में नमन किया।

इस अवसर पर बिजेंद्र लोहान ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज ने समाज को समानता, भाईचारे, सद्भाव, प्रेम और मानवता का मार्ग दिखाया। उनकी वाणी और शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महाराज ने जात-पात और भेदभाव से ऊपर उठकर मानव मात्र को समान मानने का संदेश दिया तथा समाज में आपसी प्रेम और एकता की भावना को मजबूत करने का कार्य किया।

उन्होंने कहा कि वाराणसी से चलकर नारनौद पहुंची पावन कलश यात्रा में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य और श्रद्धा का विषय है। ऐसी धार्मिक एवं सामाजिक यात्राएं लोगों को अपनी महान संत परंपरा और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य करती हैं।

बिजेन्द्र लोहान ने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा पीढ़ी संत रविदास महाराज के जीवन और उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आए। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने, जरूरतमंदों की सहायता करने तथा समाज में समानता और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया।

सफाई कर्मचारियों की जायज मांगें जल्द माने सरकार : विपिन गोयल

पैग़ाम-ऐ-जगत
हिसार (दिनकर गावड़ी)

जननायक जनता पार्टी के हलका अध्यक्ष विपिन गोयल ने पिछले करीब 15 दिनों से हड़ताल पर चल रहे सफाई कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरा करने की सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि 13 मई को सरकार और सफाई कर्मचारियों के बीच उनकी कुछ मांगों को लेकर समझौता हुआ था, लेकिन इसके बावजूद कई मांगों का समाधान नहीं होने के कारण कर्मचारी दोबारा आंदोलन करने को मजबूर हैं।

विपिन गोयल ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शहरों में जगह-जगह कूड़े

- 15 दिनों से हड़ताल के चलते शहरों में लगे कूड़े के ढेर, महामारी फैलने का खतरा



के ढेर लग गए हैं। इससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और गंदगी के कारण बीमारियां एवं महामारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था सीधे तौर पर आम नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ी हुई है। सरकार को कर्मचारियों के साथ हुए पूर्व समझौते को गंभीरता से लेते हुए उनकी जायज मांगों पर जल्द निर्णय करना चाहिए और बातचीत के माध्यम से पूरे मामले का समाधान निकालना चाहिए।गोयल ने कहा कि सरकार और कर्मचारियों के बीच मांगों को लेकर बनी सहमति को लागू करने में देरी उचित नहीं है। हड़ताल के कारण सबसे अधिक परेशानी आम जनता को हो रही है।

इसलिए सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत सफाई कर्मचारियों से बातचीत करनी चाहिए और उनकी जायज मांगों को मानकर हड़ताल समाप्त करवानी चाहिए, ताकि शहरों की सफाई व्यवस्था पटरी पर लौटे और आम जनमानस को राहत मिल सके।

पीजीआईएमईआर में एडवांस्ड पेन मैनेजमेंट और न्यूरोमॉड्यूलेशन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

चंडीगढ़, 20 अगस्त,
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर विभाग, पीजीआईएमईआर, चंडीगढ़, इनप्रोन्यूरोमॉड 2026; इंटरवेंशनल प्रोसीजर्स और न्यूरोमॉड्यूलेशन पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 21 से 23 अगस्त, 2026 तक एसोसिएशन ऑफ पेन मेडिसिन (एओपीएम) के तत्वावधान में आयोजित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। तीन दिवसीय सम्मेलन में यूके, यूएसए और सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रमुख भारतीय विशेषज्ञों को समकालीन दर्द प्रबंधन में उन्नत शैक्षणिक और हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण के लिए एक साथ लाया जाएगा।

सम्मेलन का एक प्रमुख आकर्षण अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के नेतृत्व में उन्नत न्यूरोमॉड्यूलेशन कार्यशालाएं हैं और व्यावहारिक, कौशल-आधारित सीखने पर इसका जोर है। कार्यक्रम में लाइव अल्ट्रासाउंड सोनो-एनाटॉमी मास्टरक्लास, आठ अल्ट्रासाउंड हैंड्स-ऑन स्टेशन, फ्लोरोस्कोपी-गाइडेड कैडेवेरिक नीडलिंग और एडवांस न्यूरोमॉड्यूलेशन शामिल होंगे।

मुख्य रूप से व्याख्यानों पर केंद्रित पारंपरिक सम्मेलनों के विपरीत, इनप्रोन्यूरोमॉड 2026 को गहन हैंड्स-ऑन लर्निंग के आसपास डिजाइन किया गया है। शैक्षणिक सामग्री और अद्वितीय हैंड्स-ऑन प्रारूप को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, पंजीकरण मूल रूप से नियोजित क्षमता से अधिक हो गया है और संख्या 80 तक पहुंच गई है। सम्मेलन भारत और विदेश से दर्द चिकित्सकों, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट और अन्य विशेषज्ञों को एक साथ ला रहा है, जो इंटरवेंशनल पेन मेडिसिन और न्यूरोमॉड्यूलेशन के तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्र में सीखने, सहयोग और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान के लिए एक मंच प्रदान कर रहा है।

"एनेस्थीसिया और इंटेंसिव केयर विभाग की प्रमुख और आयोजन अध्यक्ष प्रो. काजल जैन, आयोजन सचिव प्रो. बबिता घई" और आयोजन टीम के साथ, तीन दिवसीय शैक्षणिक कार्यक्रम का समन्वय कर रही हैं।

स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, छीना गया मोबाइल फोन बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अगस्त (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा स्नैचिंग एवं लूटपाट की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीआईए असंध करनाल की टीम ने उप निरीक्षक सलिंदर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमन पुत्र सरूपा निवासी गांव चौगामा, करनाल,रमन पुत्र सुभाष निवासी मर्दानहेरी, करनाल तथा सागर कुमार पुत्र जिला निवासी गांव इच्छानपुर, करनाल के रूप में हुई है। अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही राजेंद्र कुमार ने बताया कि थाना असंध में शिकायतकर्ता मनीष की शिकायत पर

मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 02 अगस्त 2026 की रात वह असंध से पैदल संधू फ्रीड की ओर जा रहा था। इसी दौरान तीन अज्ञात युवक उसके पास आए और उससे नकदी एवं मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर थाना असंध में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं गुप्त सूचना के आधार पर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने उक्त वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर शिकायतकर्ता से छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों को आज माननीय न्यायालय में पेश किया गया जहां से उनका एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया दौराने रिमांड आरोपियों से वारदात के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है तथा मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

डॉ. दीपक पुरी 'मोस्ट इनोवेटिव कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जन ऑफ द डेकैड' अवार्ड्स से सम्मानित

पंचकुला, 20 अगस्त
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंचकुला में कार्यरत, डॉ. दीपक पुरी को बुधवार को नई दिल्ली में 'वेशनल लीडर्स समिट एंड अवार्ड्स 2026' के दौरान 'मोस्ट इनोवेटिव कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जन ऑफ द डेकैड' अवार्ड्स से सम्मानित किया गया है।

मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद माया नरोलिया और बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने डॉ. पुरी को यह पुरस्कार सौंपा। इस पुरस्कार समारोह में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल, गायक, अभिनेता व राजनीतिक नेता मनोज तिवारी और दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद सहित कई प्रतिष्ठित मुख्य अतिथि मौजूद थे।

यह मान्यता कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक सर्जरी में डॉ. पुरी के तीन दशकों के योगदान और विशेष रूप से जटिल कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक बीमारियों के प्रबंधन के लिए एक एकीकृत, व्यापक और किफायती दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु 2011 में 'कार्डियोमर्शन' की शुरुआत के बाद से किए गए इनोवेटिव कार्यों के लिये दी गई है। डॉ. पुरी वर्तमान में पारस हेल्थ

पंचकुला में कार्डियोवैस्कुलर थोरेसिक सर्जरी के चेयरमैन के रूप में कार्यरत हैं और वह कार्डियोमर्शन के संस्थापक और ग्लोबल चेयरमैन भी हैं। उनके लिए यह पुरस्कार केवल नई सर्जिकल तकनीकों की मान्यता का नहीं है, बल्कि एक व्यापक स्वास्थ्य दर्शन का प्रतिनिधित्व करता है–जिसमें रोकथाम, प्रारंभिक निदान, साक्ष्य-आधारित चिकित्सा उपचार, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी, उन्नत कार्डिएक और थोरेसिक सर्जरी, रिहैबिलिटेशन), पोषण, जीवनशैली में बदलाव और दीर्घकालिक देखभाल को एक समन्वित श्रृंखला के तहत एक साथ लाना शामिल है।

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद डॉ. पुरी ने कहा कि गंभीर कार्डियोवैस्कुलर और थोरेसिक बीमारी से पीड़ित कई मरीज न केवल अपनी बीमारी की गंभीरता के कारण कष्ट सहते हैं, बल्कि इसलिए भी सहते हैं क्योंकि उपचार अक्सर एक-दूसरे के समन्वय के बिना कई विभागों और संस्थानों के बीच बंटा होता है।

उन्होंने कहा कि जांच दोहराई जा सकती है, निर्णय मरीज-केंद्रित होने के बजाय प्रक्रिया-संचालित हो सकते हैं, और कभी-कभी महंगी तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है जहां सरल और समान रूप से प्रभावी या बेहतर विकल्प उपलब्ध होते हैं।

डॉ. पुरी ने बताया कि वैश्विक स्वास्थ्य सेवा का भविष्य व्यापक, एकीकृत और लागत-प्रभावी प्रबंधन में निहित है। इनोवेशन को केवल उपचार को तकनीकी रूप से अधिक जटिल नहीं बनाना चाहिए; बल्कि इसे उपचार को अधिक सुरक्षित, अधिक सुलभ, अधिक किफायती और बेहतर दीर्घकालिक परिणाम देने में सक्षम बनाना चाहिए।

मंदिर में चोरी की वारदात का आरोपी गिरफ्तार, चोरीशुदा चांदी नुमा गहने व अन्य सामान बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अगस्त (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में सीआईए-3 प्रभारी अजेय सागवान के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक राजेश शर्मा की टीम ने श्री शिव सनातन मंदिर, सेक्टर-9 करनाल में हुई चोरी की वारदात के मामले में आरोपी वजीर चंद उर्फ वजीरा पुत्र लखमी चंद, निवासी अशोक नगर, गली नंबर-1, थाना शहर करनाल को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। आरोपी को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई। आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा चांदी नुमा गहने एवं अन्य सामान बरामद किया गया है।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता आनंद शर्मा, श्री शिव सनातन

मंदिर, सेक्टर-9 करनाल की शिकायत पर मंदिर के कार्यालय एवं हाल के ताले तोड़कर भगवान जी के चांदी के मुकुट एवं अन्य सामान चोरी किए जाने के संबंध में थाना सेक्टर-32/33, जिला करनाल में मामला दर्ज किया गया था।

दौराने तफ्तीश आरोपी वजीर चंद उर्फ वजीरा को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान गहन पूछताछ एवं आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से चोरीशुदा चांदी नुमा मुकुट एवं अन्य सामान बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ अन्य धाराओं के तहत आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से वारदात में शामिल अन्य व्यक्तियों तथा चोरीशुदा सामान के संबंध में गहनता से पूछताछ की गई। आरोपी को पुनः माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मामले में अन्य संभावित संलिप्त आरोपियों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है। जिला पुलिस करनाल द्वारा चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई जारी है।

धोखाधड़ी मामले में करनाल पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार, 23 लाख रुपये नकद बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
20 अगस्त (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा आर्थिक अपराध एवं धोखाधड़ी की वारदातों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना शहर करनाल की पुलिस चौकी सेक्टर-4 की टीम ने लाखों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 23 लाख रुपये की नकदी बरामद की है।

पुलिस चौकी सेक्टर-4 प्रभारी उप निरीक्षक हिम्मत सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी मनविंदर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी भरमपुरा पूर्वी, रेजिडेंसी गार्डन,बरेली,उत्तर प्रदेश को बरेली से गिरफ्तार किया। आरोपी संबंधित कंपनी में नेशनल सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

पुलिस टीम द्वारा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर पांच दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता एवं

मार्स पावरेट लिमिटेड के निदेशक द्वारा पुलिस

करते हुए कंपनी की निर्धारित नीतियों एवं प्रक्रियाओं का उल्लंघन किया तथा कंपनी की धनराशि में हेराफेरी एवं धोखाधड़ी की।

शिकायत के अनुसार आरोपी द्वारा अन्य कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर कंपनी की दवाइयों की अनधिकृत रूप से आपूर्ति करवाने, विभिन्न पक्षों से प्राप्त धनराशि का कंपनी के अधिकृत बैंक खाते में जमा न करवाने, कंपनी के नाम से जारी चेक अपने पास रखने तथा निर्धारित ऋण सीमा से अधिक माल की आपूर्ति करवाने सहित विभिन्न अनियमितताएं की गईं।

पुलिस चौकी सेक्टर-4 द्वारा शिकायत की जांच के दौरान शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए गए तथा मामले से संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई। जांच में आरोपी मनविंदर सिंह सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा कंपनी में कार्यरत रहते हुए धनराशि की हेराफेरी किए जाने के तथ्य सामने आए। जांच के आधार पर थाना शहर करनाल में मामला दर्ज किया गया।

टीम द्वारा मामले में संलिप्त अन्य आरोपियों की भूमिका धोखाधड़ी की

वैदिक ऋषियों की ज्ञान परंपरा की वाहक हैं महिलाएं : डॉ. चौहान

संस्थान में सात दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

पैग़ाम-ऐ-जगत
नीलोखेड़ी/ करनाल
20 अगस्त (प्रवीण वालिया)

उद्यमिता केवल व्यवसाय स्थापित करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, नवाचार और रोजगार सृजन की सशक्त सोच है। ग्रामीण महिलाओं को उद्यमिता से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में महिला संसाधन व्यक्तियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह टिप्पणी हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने संस्थान में उद्यमिता विकास विषय पर आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए की।

डॉ. चौहान ने कहा कि भारतीय नारी सदैव से साहस, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की प्रतीक रही है। उन्होंने महिला प्रतिभागियों को झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और साहस का प्रतीक बताते हुए कहा कि महिलाएं प्राचीन वैदिक ऋषियों की उत्तराधिकारी हैं, जिन्होंने भारतीय ज्ञान, संस्कृति और

और नेतृत्व क्षमता के माध्यम से परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण तभी सार्थक होता है, जब उसका प्रभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। महिला संसाधन व्यक्तियों को चाहिए कि वे इस प्रशिक्षण को केवल औपचारिक प्रक्रिया न मानकर ग्रामीण महिलाओं को सफल उद्यमी बनाने के मिशन के रूप में लें। स्वयं सहायता समूहों को आत्मनिर्भर हरियाणा और विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिला संसाधन व्यक्तियों की क्षमता का विकास करते हुए उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को बढ़ावा देने, स्वरोजगार के अवसरों का विस्तार करने तथा स्वयं सहायता समूहों को महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करना है।

कार्यक्रम के समन्वयक एवं संस्थान के सहायक आचार्य कमलदीप सांगवान, सौरभ अरोड़ा, अजय कुमार मोहित कुमार तथा प्रदेश के

की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, नवाचार, समस्या समाधान एवं व्यवसाय प्रबंधन संबंधी कौशल विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे प्रशिक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नेशनल स्किल इंस्टीट्यूट, पानीपत से आए विशेषज्ञ एल. पी. भट्ट ने प्रतिभागियों को कौशल विकास, उद्यम स्थापना, आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों तथा उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप क्षमता निर्माण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों की गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी, उद्यमिता विकास के परिणाम भी उतने ही प्रभावी होंगे।

इस अवसर पर संस्थान के